समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# ट्रम्प को बड़ा झटका! एलन मस्क ने छोड़ा प्रशासनिक पद, सोशल मीडिया पर दी जानकारी।

Publisher

Published on 29 May 2025



## दुनिया के सबसे अमीर शख्स एलन मस्क ने ट्रम्प प्रशासन को कहा अलविदा, खर्चों मे कंटौती के मिशन से हटे।

**वॉशिंगटन (29 मई 2025):** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रम्प** को एक बड़ा झटका लगा है। दुनिया के सबसे **अमीर** और **प्रभावशाली उद्यमी एलन मस्क** ने अचानक **ट्रम्प प्रशासन** से अपना नाता तोड़ लिया है। मस्क ने गुरुवार सुबह अपने **एक्स (पूर्व ट्विटर)** अकाउंट पर पोस्ट करते हुए यह ऐलान किया कि वह अब अमेरिका की सरकार में किसी भी प्रशासनिक भूमिका में नहीं रहेंगे।

### कौन सा पद छोड़ा एलन मस्क ने?

एलन मस्क ने **यूएस डिपार्टमेटं ऑफ गवर्नमेटं एफिशिएंसी (सरकारी दक्षता विभाग)** के विशेष सरकारी कर्मचारी के पद से इस्तीफा दिया है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा: “विशेष सरकारी कर्मचारी के रूप में मेरी नियोजित समयावधि समाप्त हो रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को मैं धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने मुझे सरकारी खर्चों में कटौती का अवसर दिया।”

### एलन मस्क की भूमिका क्यों थी अहम?

एलन मस्क को ट्रम्प के निकटतम समर्थकों में गिना जाता है। न सिर्फ उन्होंने ट्रम्प के चुनाव प्रचार का खुलकर समर्थन किया, बल्कि कथित तौर पर चंदे के रूप में भी बड़ी धनराशि दी थी। मस्क की इस भूमिका को ट्रम्प की जीत में निर्णायक माना गया।

वह **नई टैरिफ नीति, अवैध आप्रवास पर सख्ती, विदेशी छात्रों की नीति और सरकारी खर्चों मे कंटौती** जैसे मुद्दों में ट्रम्प

प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण रणनीतिकार की भूमिका निभा रहे थे।

**भविष्य को लेकर क्या बोले मस्क ?**

मस्क ने उम्मीद जताई कि वह जिस विभाग का हिस्सा थे, उसका मिशन भविष्य में और अधिक प्रभावी होगा। उन्होंने लिखा: "डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी एक दिन अमेरिका की सरकारी प्रणाली का जीवनशैली बन जाएगा।"

**क्या अब ट्रम्प की राह मुश्किल होगी ?**

एलन मस्क का यूं अचानक प्रशासन से अलग होना ट्रम्प के लिए एक **राजनीतिक** और **रणनीतिक झटका** माना जा रहा है। आगामी चुनावों को देखते हुए मस्क जैसा प्रभावशाली नाम साथ न होना ट्रम्प की प्रचार रणनीति को प्रभावित कर सकता है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.